GOVERNMENT OF HARYANA / हरियाणा सरकार

Directorate School Education
विद्यालय शिक्षा निदेशालय

शिक्षा, संस्कृति एवं विकास
Education, Culture and Development
School Education, Haryana
विद्यालय शिक्षा, हरियाणा
तमसो मा ज्योतिर्गमय
Lead me from Darkness to Light

Off.: Shiksha Sadan, Sector 5, Panchkula, Haryana 134109 (India) - Tel: 91(0172)-2560246 Fax: 91(0172)-2560253
कार्यालय: शिक्षा सदन, सैक्टर 5 पंचकुला–134109 (भारत) दूरभाष : 91 (0172) 2560246 फैक्स: 91 (0172) 2560253
e-mail: edusecondaryhry@gmail.com - site: www.schooleducationharyana.gov.in

सेवा में,

राज्य के सभी
1. जिला शिक्षा अधिकारी।
2. जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी।
3. जिला परियोजना समन्वयक।
4. खण्ड शिक्षा अधिकारी।

यादी क्रमांकः– KW 8/10-2020 ACD (7)
दिनांकः– 02.01.2023

विषयः– **बुनियाद कार्यक्रम के लिये राजकीय विद्यालयों की कक्षा 8वीं में पढ़ने वाले सभी विद्यार्थियों के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन हेतु लिंक ओपन करने बारे।**

*****

उपरोक्त विषय के सन्दर्भ में आपको अवगत करवाया जाता है कि बुनियाद कार्यक्रम के लिये विद्यार्थियों का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाने हेतु दिनांक 02.01.2023 से लिंक ओपन किया जा रहा है। रजिस्ट्रेशन सम्बन्धी लिंक दिनांक 31.01.2023 को रात्रि 11:59 बजे तक खुला रहेगा। इस सन्दर्भ में आप निम्नानुसार कार्यवाही कर विभाग की शैक्षणिक शाखा को सूचित करें :–

1. आपके जिले में DSS जिन्हें विभाग द्वारा बुनियाद कार्यक्रम का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, का मोबाइल नं0 या दूरभाष सम्पर्क तथा पंजीकरण लिंक सभी आवेदकों व उनके अभिभावकों को उपलब्ध करवाएं।
2. ऐसे सभी विद्यार्थी जो राजकीय विद्यालयों की 8वीं कक्षा में पढ़ रहे हैं, का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन दिये गये लिंक पर करवाया जाए। आपके क्षेत्राधिकार के विद्यालयों से प्रत्येक विद्यार्थी तक पहुँच बनाना, सम्पर्क करना, कार्यक्रम की पूरी जानकारी देना, परामर्श देना, पंजीकरण करवाना तथा सभी पंजीकरण करने वाले विद्यार्थियों की जिलावार सूची विभाग के साथ सांझा करना आपकी जिम्मेवारी है। इसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि के लिए आपकी टीम जिम्मेवार होगी।
3. इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये कि ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों द्वारा उपरोक्त कार्यक्रम के लिये रजिस्ट्रेशन करवाया जाये।
4. बुनियाद कार्यक्रम में पंजीकरण हेतु विभाग की वेबसाइट पर लिंक https://Buniyaadhry.com/registration पर उपलब्ध है। **रजिस्ट्रेशन दिनांक 02.01.2023 से आरम्भ होगा तथा रजिस्ट्रेशन की अंतिम तारीख 31.01.2023 (रात्रि 11:59 तक) होगी।**
5. बुनियाद कार्यक्रम के लिये विद्यार्थियों के चयन हेतु दिशानिर्देश समय–समय पर आपके साथ सांझा कर दिये जाएंगे।

आपसे आग्रह किया जाता है कि उक्त कार्यक्रम के सम्बन्ध में अनुपालना सुनिश्चित करें।

रजिस्ट्रेशन हेतु लिंकः– **https://Buniyaadhry.com/registration**

सहायक निदेशक (शैक्षणिक)
कृतेः निदेशक माध्यमिक शिक्षा
हरियाणा पंचकूला

पृष्ठांकन क्रमांक समः **दिनांक, पंचकूला 02.01.2023**

इसकी एक प्रति निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. वरिष्ठ सहायक, माननीय अतिरिक्त मुख्य सचिव, विद्यालय शिक्षा हरियाणा, चण्डीगढ़।
2. निजी सहायक, माननीय निदेशक माध्यमिक शिक्षा हरियाणा, पंचकूला।
3. निजी सहायक, माननीय संयुक्त निदेशक (मॉडल संस्कृति स्कूल) माध्यमिक शिक्षा हरियाणा, पंचकूला।
4. संयुक्त निदेशक, आई0टी0 सैल को उपरोक्त लिंक विभाग की वेबसाईट पर अपलोड करने के निवेदनार्थ।
5. श्री नवीन मिश्रा, विकल्प केन्द्र रेवाड़ी को इस सन्दर्भ में आवश्यक कार्यवाही करने के निवेदनार्थ।

सहायक निदेशक (शैक्षणिक)
कृतेः निदेशक माध्यमिक शिक्षा
हरियाणा पंचकूला